प्रादेशिक समाचार
दिनांक–08.06.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

राज्यसभा चुनाव के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैद्यनाथ राम और कांग्रेस के प्रणव झा ने आज नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैद्यनाथ राम ने बताया कि पूरा गठबंधन एकजुट है और उन्हें अपनी जीत पर पूरा भरोसा है।

उद्योगपति और पूर्व राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके नामांकन में एनडीए के विधायक प्रस्तावक बने। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत में श्री नाथवानी ने कहा कि उन्होंने झारखंड में पहले भी काम किया है और यदि दोबारा अवसर मिलता है तो वे राज्य के लिए पहले से अधिक काम करेंगे।

****

रांची के बरगाई क्षेत्र में जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़ा और धन शोधन मामले में पीएमएलए की विशेष अदालत ने हेमंत सोरेन डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी है। विशेष अदालत के न्यायाधीश योगेश कुमार ने यह आदेश सुनाया। अदालत ने माना कि मामले में विचारण के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है और इस स्तर पर आरोप समाप्त करने का कोई आधार नहीं बनता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिसंबर 2025 में याचिका दायर कर खुद को मामले से मुक्त करने की मांग की थी।

****

झारखंड के अधिवक्ताओं को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ उपलब्ध कराने संबंधी जनहित याचिका का झारखंड उच्च न्यायालय ने निस्तारण कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान बताया कि अधिवक्ताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू कर दी गई है और इस संबंध में संकल्प भी जारी किया जा चुका है।

****

रांची में उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े पेपर लीक मामले में आरोपी मोनू कुमार और सोनू शर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 12 जून को निर्धारित की है। दोनों आरोपियों पर अंतरराज्यीय पेपर लीक और सॉल्वर गिरोह के एजेंट होने का आरोप है। मामले में अब तक 160 से अधिक अभ्यर्थियों को जमानत मिल चुकी है, जबकि गिरोह से जुड़े कई अन्य आरोपियों की जमानत

****

देश का विश्वसनीय लोक प्रसारक आकाशवाणी आज अपने 90 वर्ष पूरे होने का उत्सव मना रहा है। वर्ष 1936 को आज ही के दिन इंडियन स्टेट ब्रॉडकास्ट सर्विस का नाम बदलकर ऑल इंडिया रेडियो कर दिया गया था। वर्ष 1956 में ऑल इंडिया रेडियो का नाम बदलकर आकाशवाणी कर दिया गया। आकाशवाणी आज पांच सौ एकानबे रेडियो स्टेशनों का संचालन करता है। आकाशवाणी का प्रसारण 23 भाषाओं और 146 बोलियों में किया जाता है। आकाशवाणी का ध्येय वाक्य है– बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय।

****

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अपनाई जा रही ऑन–स्क्रीन मार्किंग प्रणाली को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर केंद्र सरकार और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा और न्यायमूर्ति मधु जैन की खंडपीठ ने राष्ट्रीय भारतीय विद्यार्थी संघ की याचिका पर दोनों पक्षों से जवाब मांगा है। याचिका में सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए हैं। मामले की अगली सुनवाई 12 जून को होगी।

****

कोडरमा जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं करने के आरोप में सतगावां थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष ने यह कार्रवाई लगातार मिल रही शिकायतों के बाद की है। साथ ही उन्हें तत्काल पुलिस मुख्यालय में योगदान देने का निर्देश भी दिया गया है।

*********समाप्त*********